तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

2 हाईस्कूल बाकी साइड में हुआ पौधरोपण




## खबर संक्षेप

### अजजा बालक क्रीड़ा परिसर, 10 अगस्त को होगी प्रवेश चयन परीक्षा

**कोरबा।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से जिला मुख्यालय कोरबा में शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक क्रीड़ा परिसर की शुरुआत की जा रही है। परिसर में चयनित बालक खिलाड़ियों को एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो एवं तैराकी खेलों का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। छात्रावास एवं खेल मैदान की उपलब्धता के आधार पर इस वर्ष 40 खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए ऐसे बालक पात्र होंगे, जिनकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2009 अथवा उसके बाद की हो तथा वे कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत हों। खिलाड़ियों का अंतिम चयन विभाग द्वारा आयोजित 10 बैटरी टेस्ट में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। इस परीक्षण में 50 मीटर दौड़, उछाल परीक्षण, 4×10 मीटर शटल रेस, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, गतिशील स्फूर्ति परीक्षण, अपर बॉडी बेंडिंग, पुश-अप, लेग रेसिंग, सिट-अप तथा 400 मीटर दौड़ सहित कुल 10 शारीरिक दक्षता परीक्षण शामिल रहेंगे। प्रवेश चयन परीक्षा 10 अगस्त को प्रातः 8 बजे से प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी स्टेडियम, टी.पी. नगर, कोरबा में आयोजित की जाएगी।

### फसल बीमा कराने का अंतिम अवसर कल

**कोरबा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले के किसानों के लिए अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि, कोरबा ने जिले के सभी किसानों से निर्धारित समयावधि के भीतर फसल बीमा कराने की अपील की है, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली संभावित फसल क्षति की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिल सके। जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान (सिंचित एवं असिंचित), मक्का, उड़द, तुअर, मूंग, कोदो, कुटकी, मूंगफली एवं रागी फसलें अधिसूचित हैं। योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भू-धारक, बटाईदार तथा वनपट्टाधारी किसान प्राप्त कर सकते हैं।

### सवा लाख महामृत्युंजय मंत्र जाप व हवन, भंडारा का होगा आयोजन

**मड़वारानी।** सावन महीने के प्रथम दिन गुरुवार को मड़वारानी पहाड़ ऊपर स्थित हनुमान मन्दिर में सवा लाख महामृत्युंजय मंत्र जाप का शुभारंभ किया जाएगा। 5 अगस्त को यज्ञ अभिषेक, हवन व भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी श्रद्धालुओं से इस भव्य अनुष्ठान में सम्मिलित होने व पुण्य के भागीदार बनने का आग्रह किया गया है। इस भव्य मन्त्र जाप हवन का आयोजन आदिशक्ति पर्वतवासिनी माँ मड़वारानी दाई के दरबार मे सेवारत माँ मड़वारानी सेवा एवं जनकल्याण समिति मड़वारानी के द्वारा किया जा रहा है। जिसके पीठासीन पंडित भागीरथी दुबे जी के द्वारा पूजा अर्चना कराया जाएगा। समिति के सचिव विनोद कुमार साहू ने बताया कि समिति के द्वारा माँ मड़वारानी के दरबार मे सेवाभाव से हर वर्ष इस तरह के आयोजन किये जाते हैं जिसमें भोग भंडारे का भी आयोजन किया जाता है।

### पारंपरिक खेलों के साथ मनाया जाएगा लोकपर्व हरेली उत्सव

**बालको।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा एवं कृषि संस्कृति के प्रतीक लोकपर्व हरेली उत्सव का आयोजन इस वर्ष भी 12 अगस्त को रामलीला मैदान, बालको नगर में किया जाएगा। सार्वजनिक हरेली उत्सव समिति द्वारा विगत पाँच वर्षों की भाँति इस वर्ष भी इस आयोजन को पूरे उत्साह एवं पारंपरिक गरिमा के साथ आयोजित किया जा रहा है। उत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं को जीवंत करने हेतु गेड़ी दौड़, नारियल फेंक, मटकी फोड़ सहित अनेक पारंपरिक खेल एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# जुलाई में बांगो बांध का वाटर लेवल 10 फीसदी पिछड़ा, 80 फीसदी ही हो पाया जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सबसे बड़े बांधों बांध में 31 जुलाई तक बांध में 90 फ़ीसदी पानी आना था लेकिन बांध के कैचमेंट इलाके में पानी आने की रफ्तार सुस्त रही जिसके चलते बांध में मात्र 80 फ़ीसदी ही पानी भर पाया है। यही वजह है कि बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार नहीं बढ़ाई जा रही है। मात्र 10 घंटे ही हाईडल प्लांट को चलाया जा हा है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध बना हुआ है। जिसकी कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। जुलाई महीने की शुरुआती दौर में बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में अच्छी भारी हो रही थी और लगातार जल स्तर बढ़ते ही जा रहा था लेकिन पिछले कुछ दिनों से बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बारिश कम हो रही है जिसके चलते बांध जल स्तर तेजी से नहीं भर पा रहा है बताया जाता है कि 31 जुलाई तक बांगो बांध में लगभग 90 फ़ीसदी जल भरा होना था जिसके बाद ही बांगो बांध में ⏭ शेष पेज 3 पर

### हाइडल प्लांट को दस घंटे ही किया जा रहा संचालित

**खास बातें**

- वर्ष 2025 में 354.90 मीटर तो इस वर्ष 356.63 मीटर भरा हुआ है पानी



### अगस्त में हुई अच्छी बारिश तो खोला जा सकता है गेट

जुलाई का महीना अब मात्र दो दिन ही शेष रह गया है। जल संसाधन विभाग को अगस्त महीने का इंतजार है यदि अगस्त महीने में बांगो बांध के कैचमेंट इलाका जैसे कोरिया, सूरजपुर सहित आसपास के इलाके में अच्छी बारिश होती है तो निश्चिततौर पर बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। बांगो बांध को भरने में महज 20 फ़ीसदी पानी ही शेष है। यदि 90 फ़ीसदी से अधिक वाटर लेवल पहुंचा तो ऐसे में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा हाइडल के तीनों यूनिट को संचालित किया जाएगा और पूरे लोड पर संचालित किया जा सकता है, इसके बाद भी लगातार बांध के कैचमेंट इलाके से पानी आता रहा तो बांध का वाटर लेवल मैनेज नहीं हुआ तब जाकर ऐसी स्थिति में बांध का गेट खोले जाते हैं। इस साल भी ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि यदि अगस्त के महीने में अच्छी बारिश हुई तो निश्चित तौर पर बांध के गेट खोले जा सकते हैं और इसे देखने के लिए विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पर्यटक भी पहुंचते हैं।

### प्रदेश के सभी ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी नहीं होने से निर्बाध बिजली उत्पादन की उम्मीद

# बारिश के दौरान भी विद्युत संयंत्रों में मानक से अधिक कोयला स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहली बार ऐसा हुआ है कि लगातार हो रही बारिश और कोयला खदानों में क्षमता से कम कोयला उत्पादन के बाद भी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी नहीं है। कंपनी के तीनों विद्युत संयंत्रों में क्षमता से अधिक कोयला स्टॉक है। यही वजह है कि विद्युत कपनी प्रबंधन द्वारा एसईसीएल से अनुबंध के अनुसार ही कोयले की मांग की जा रही है। निर्धारित मानक से अधिक कोयला स्टॉक होने की वजह से राज्य में निर्बाद्ध बिजली उत्पादन की उम्मीद है।

प्रदेश में फिलहाल बिजली संकट की कोई आशंका नहीं है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की कोल स्टॉक रिपोर्ट के अनुसार राज्य के सभी प्रमुख ताप विद्युत संयंत्रों में पर्याप्त कोयले का स्टॉक उपलब्ध है। खासकर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के एचटीपीएस, डीएसपीएम और मड़वा विद्युत संयंत्र में मानक से अधिक कोयला स्टॉक है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के तीनों विद्युत संयंत्रों की कुल स्थापित क्षमता 2840 मेगावाट है। इन संयंत्रों में वर्तमान में 1553 लाख टन कोल स्टॉक है। जबकि मानक आवश्यकता 8.9 लाख टन है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कोयला स्टॉक निर्धारित आवश्यकता से लगभग 180 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश का कोई भी ताप विद्युत संयंत्र क्रिटीकल स्टॉक की श्रेणी में नहीं है। बरसात के दौरान भी बिजली उत्पादन के लिए पर्याप्त इंधन उपलब्ध है। जिससे आने वाले समय में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना नहीं दिख रही है। बात करें नेशनल थर्मल पॉवर कार्पोरेशन (एनटीपीसी) की तो एनटीपीसी कोरबा सहित वेदांता के बालको व कोरबा पॉवर प्लांट में भी पर्याप्त कोयले का स्टॉक है। यही वजह है कि संयंत्र प्रबंधन द्वारा एसईसीएल से अनुबंध से अधिक की कोयले की डिमांड नहीं की जा रही है। यहां बताना होगा कि हर वर्ष बारिश के दौरान संयंत्र प्रबंधन द्वारा कोल स्टॉक में कमी को लेकर एसईसीएल से अनुबंध से अधिक कोयले की डिमांड की जाती रही है। पहली बार ऐसा हुआ है कि संयंत्र प्रबंधन द्वारा अनुबंध के अनुरुप ही कोयले की डिमांड की जा रही है।

**खास बात**

- संयंत्र प्रबंधनों द्वारा एसईसीएल से अनुबंध अनुरूप ही की जा रही कोयले की आपूर्ति



### सीईए के अनुरूप पर्याप्त कोयला स्टॉक

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1340 मेगावाट क्षमता वाले एचटीपीएस संयंत्र में निर्धारित मानक से 181 प्रतिशत कोयला स्टॉक उपलब्ध है। इसी तरह 500 मेगावाट क्षमता वाले डीएसपीएम संयंत्र में भी निर्धारित मानक से 224 प्रतिशत कोयला स्टॉक उपलब्ध है। बात करें 1000 मेगावाट वाले मड़वा ताप विद्युत संयंत्र की तो यहां निर्धारित मानक से 158 प्रतिशत कोयला स्टॉक मौजूद है। उत्पादन कंपनी के तीनों विद्युत संयंत्रों में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अनुसार बरसात के दौरान पर्याप्त कोयले का स्टॉक उपलब्ध है।

### कोयले की कमी नहीं

संयंत्र में निर्धारित मानक से अधिक कोयले का स्टॉक उपलब्ध है। नियमानुसार बरसात के पूर्व ही संयंत्र में पर्याप्त कोयले का स्टॉक संग्रहण किया गया है। यही वजह है कि बारिश के दौरान संयंत्र में किसी भी तरह कोयले की कमी नहीं होगी। एसईसीएल से अनुबंध अनुरूप कोयले की आपूर्ति की जा रही है।

-संजीव कंसल
मुख्य अभियंता, डीएसपीएम

# कोरबा और कटघोरा में दंतैल हाथी मचा रहे हैं उत्पात


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनमंडल कोरबा के घोटमार जंगल में विचरणरत दंतैल हाथी बीती रात चोरभट्टी पहुंच गया। इस हाथी को आज सुबह यहां के जंगल में ग्रामीणों ने विचरण करते हुए देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर निगरानी में जुट गए हैं। वहीं कुदमुरा रेंज के बांस बाड़ी में एक तथा कलमीटिकरा में दो हाथी घूम रहे हैं। यहां मौजूद हाथियों ने फिलहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी सतर्कता बरती जा रही है और हाथियों के मौजूदगी वाले जंगल से सटे गांवों में मुनादी का क्रम जारी है। ग्रामीणों को हाथियों तथा जंगल से दूरी बनाए रखने को कहा जा रहा है। इस बीच कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज के बंजारी क्षेत्र में सक्रिय लोनर हाथी अब शांत हो गया है। यह हाथी बीती रात जंगल ही जंगल घूमता रहा लेकिन आबादी वाले क्षेत्र में नहीं पहुंचा जिससे ग्रामीणों व वन विभाग ने राहत की सांस ली। इससे पहले यह हाथी लगातार तीन दिनों तक बंजारी गांव में उत्पात मचाकर ग्रामीणों के साथ-साथ वन विभाग के नाक में दम कर दिया था। इस दौरान लोनर ने 7 से अधिक घरों को ढहा दिया था।

# कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जारी किया कारण बताओ नोटिस, तीन दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही एवं जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण में गंभीर उदासीनता बरतने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों तथा आम नागरिकों से जुड़े प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

जारी कारण बताओ सूचना पत्र में उल्लेख किया गया है कि 28 जुलाई को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के विभाग से संबंधित जनदर्शन के कई महत्वपूर्ण प्रकरणों की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा विभिन्न आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निराकरण नहीं किया गया तथा अपेक्षित जानकारी भी संतोषजनक रूप से प्रस्तुत नहीं की गई। समीक्षा के दौरान जिन प्रकरणों पर विशेष रूप से असंतोष व्यक्त किया गया, उनमें हाईस्कूल गोपालपुर में मानदेय व्याख्याता की भर्ती में अधिक अंक प्राप्त अभ्यर्थी के चयन नहीं होने संबंधी शिकायत, सेवानिवृत्ति के बाद जीवन निर्वाह हेतु शिक्षक को मिलने वाली राशि के भुगतान से संबंधित आवेदन, मानदेय शिक्षक चयन प्रक्रिया में अधिक मेरिट होने के बावजूद चयन से वंचित किए जाने की शिकायत तथा छात्र सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही को सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन शामिल हैं। इन सभी प्रकरणों में आवेदकों को समय पर राहत उपलब्ध नहीं कराई गई और अपेक्षित कार्रवाई लंबित पाई गई। इन परिस्थितियों को गंभीर मानते हुए कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी का ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- जनदर्शन के आवेदनों के निराकरण में लापरवाही आयी सामने
- नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

# स्कूली बच्चे भर रहे थे फर्राटे, 11 के खिलाफ गिरी गाज, 22 हजार का जुर्माना, पालकों को समझाइश



स्कूल बच्चों व परिजनों को समझाइश देते पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बार-बार समझाइश और हिदायत दिए जाने के बावजूद स्कूलों में नाबालिग बच्चों का दोपहिया वाहनों से पहुंचना थम नहीं रहा है। सड़कों पर बिना ड्राइविंग लाइसेंस के फर्राटे भरते इन बच्चों पर लगाम कसने के लिए यातायात पुलिस की टीम ने मंगलवार को कड़ा रुख अपनाया और 11 नाबालिक बच्चों के खिलाफ कार्यवाही की है और उनसे 22 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को डीएसपी सुश्री ज्योत्सना चौधरी, सउनि मनोज राठौर व उनकी विशेष टीम ने निर्मला स्कूल कोसबाड़ी के पास अचानक घेराबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना लाइसेंस और तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल व एक्टिवा चलाते हुए 11 नाबालिग बच्चों को रंगे हाथों पकड़ा गया। यातायात पुलिस ने मौके पर ही मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 22 हजार का जुर्माना वसूला। इसके साथ ही पुलिस ने मौके पर पकड़े गए सभी नाबालिग बच्चों के पालकों को थाने बुलाकर कड़ी चेतावनी दी और स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी ⏭ शेष पेज 3 पर

### विद्यार्थियों को पढ़ाया गया यातायात के नियम

यातायात पुलिस द्वारा निर्मला इंग्लिश स्कूल, पुलिस लाइन एवं निर्मला स्कूल कोसाबाड़ी में विशेष यातायात एवं सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी सुश्री ज्योत्सना चौधरी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से नाबालिग बच्चों द्वारा मोटरसाइकिल अथवा अन्य मोटर वाहन नहीं चलाने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने माता-पिता एवं परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन नहीं चलाना, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन नहीं चलाना, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना तथा यातायात संकेतों का पालन करने संबंधी जानकारी दी गई।

### थाना चौक से रेलवे फाटक तक सड़क खस्ताहाल

# एक महीने में ही उखड़ी गौरव पथ की परत, जलभराव से बढ़ीं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका

दीपका नगर पालिका प्रशासन द्वारा लाखों रुपये की लागत से बनाए गए गौरव पथ मार्ग की पोल महज एक महीने के भीतर ही खुल गई है। थाना चौक से लेकर दीपका रेलवे फाटक तक लगभग एक माह पूर्व कराए गए डामरीकरण का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह से उखड़ चुका है। रेलवे फाटक के पास की सड़क अब बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन ने लाखों रुपये खर्च कर इस सड़क का निर्माण कराया था ताकि लोगों का आवागमन सुगम हो सके दीपका रेलवे फाटक के पास का यह मार्ग कॉलोनी से निकलने वाले राहगीरों और दीपका की ओर से अपने गंतव्य को जाने वाले लोगों के लिए एकमात्र मुख्य विकल्प है लेकिन महज 30 दिनों के भीतर सड़क का इस कदर जर्जर हो जाना निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े करता है। राहगीरों और स्थानीय निवासियों के अनुसार गौरव पथ मार्ग से जुड़ी नालियां पूरी तरह से जाम हो चुकी हैं नालियों की सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है। सड़क पर पानी भरे होने और गहरे गड्ढों के कारण स्थिति बेहद जानलेवा हो चुकी है दोपहिया वाहन चालक आए दिन यहाँ फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं और रात के समय इस मार्ग से गुजरना किसी खतरे से कम नहीं है जलभराव के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है।


जर्जर सड़क जिसमें भरा हुआ है पानी।

### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

क्षेत्र के नागरिकों ने नगर पालिका दीपका परिषद प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराते हुए बताया कि यदि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत नहीं की गई और जलभराव की समस्या का त्वरित निराकरण नहीं हुआ और भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। समय रहते सड़क और मार्ग से जुड़ी हुई नालियां को सफाई किया जाना जरूरी है। निवासियों का कहना है हम टैक्स देते हैं लेकिन हमें गड्ढे और जाम नालियां मिलती हैं प्रशासन को तुरंत नींद से जागना चाहिए और इस मार्ग को दुरुस्त करना चाहिए ताकि किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सके।

### बकाया मेंटेनेंस शुल्क जमा करें हितग्राही

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने कोरबा स्थित अपनी विभिन्न आवासीय कॉलोनियों के बकायादार हितग्राहियों से लैंड मेंटेनेंस चार्ज (एलएमसी), कॉमन मेंटेनेंस चार्ज (सीएमसी) एवं जल प्रभार की बकाया राशि शीघ्र जमा करने की अपील की है। मंडल ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित शुल्क का नियमित भुगतान नहीं होने से कॉलोनियों के रखरखाव एवं आवश्यक नागरिक सुविधाओं के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मंडल द्वारा वर्तमान में अटल विहार कॉलोनी झगरहा, अटल विहार कॉलोनी उरगा तथा अटल आवास जेंजरा का संधारण किया जा रहा है। इन कॉलोनियों में सड़क, नाली, उद्यान, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति, साफ-सफाई, सहित अन्य रखरखाव कार्यों पर नियमित व्यय किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### 8 साल की मासूम को सर्प ने डसा, इलाज के दौरान मौत

**कोरबा।** बारिश के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश की लगातार घटनाएं सामने आ रही है। फिर से एक 8 वर्षी मासूम को एक जहरीले सर्प ने डस लिया था जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिय है। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिंझरा की है यहां निवासरत मंतोषी पंडो 8 वर्ष पिता सुंदरलाल पंडो अपने परिजनों के साथ जमीन पर सोई हुई थी। इसी दौरान रात को किसी जहरीले सर्प ने मासूम को डस लिया। इसके बाद उसे उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया था जहां उसकी भी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल हॉस्पिटल रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह मंतोषी पंडो की मौत हो गई है।

### सेजेस कॉलेजों में प्रवेश प्रारंभ

**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ है। प्राचार्य ने बताया कि इसके लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे हैं ऐसे सभी जो इस महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं वे सभी अपने मूल डॉक्यूमेंट एवं उसकी फोटो कॉपी सहित 30 जुलाई को महाविद्यालय में सुबह 10:30 बजे मूल प्रमाण पत्र का सत्यापन के पश्चात शासन के नियमानुसार प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

### 1 से 30 अगस्त तक चलेगी श्रावणी स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** श्रावण माह में बाबाधाम (देवघर) जाने वाले शिव भक्तों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। श्रद्धालुओं की यात्रा 30 जुलाई से शुरू होगी, जबकि विशेष ट्रेन का संचालन 1 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए प्रत्येक फेरे में उपलब्ध खाली बर्थ की जानकारी भी जारी की है, ताकि समय रहते आरक्षण कराया जा सके। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 08895/08896 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-मधुपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी श्रावणी मेला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 1 अगस्त से 30 अगस्त तक कुल 5-5 फेरे लगाएगी। यह स्पेशल ट्रेन इतवारी, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, बेलपहाड़ और ब्रजराजनगर स्टेशनों पर रुकेगी। इन सभी स्टेशनों से यात्री टिकट बुक करा सकते हैं।

### किसान क्रेडिट की वैधता अवधि अब 6 साल की

**बिलासपुर।** आरबीआई ने किसान क्रेडिट कार्ड की वैधता अवधि 5 से बढ़ाकर 6 वर्ष कर दी है। केसीसी की नई गाइडलाइन में सभी दस्तावेज भी ऑनलाइन अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य किसानों को बार-बार होने वाली नवीनीकरण प्रक्रिया से राहत देना और कृषि ऋण को अधिक लचीला बनाना है। ऋण घटकों में मिट्टी परीक्षण, मौसम पूर्वानुमान और जैविक प्रमाणीकरण जैसे कृषि-तकनीक खर्चों को शामिल किया गया है। इसमें 2 लाख रुपए तक के कृषि ऋणों पर संपार्श्विक और मार्जिन आवश्यकताओं में छूट दी गई है।

### फसल बीमा के लिए पंजीयन 31 तक

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने के लिए किसान 31 जुलाई तक अपनी खरीफ फसलों का बीमा करा सकते हैं। इस वर्ष जिले में धान (सिंचित व असिंचित) और मक्का की फसल को अधिसूचित किया गया है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि योजना का लाभ ऋणी व अऋणी किसानों के साथ-साथ भू-धारक, बटाईदार और वनपट्टाधारी कृषक भी उठा सकते हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इस साल अल-नीनो के असर से मानसून की अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे सूखा, अतिवृष्टि या लंबे अंतराल तक बारिश न होने जैसी स्थिति बन सकती है। ऐसे जोखिम से निपटने के लिए फसल बीमा किसानों के लिए सबसे बड़ा ढाल है। योजना के तहत बुवाई न हो पाने, रोपाई में विफलता, स्थानीय प्राकृतिक आपदाओं और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान की भी भरपाई की जाती है। जिन किसानों ने केसीसी या कृषि ऋण लिया है, वे अपनी सेवा सहकारी समिति या बैंक शाखा से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

### बारिश ने रोकी पीएनजी की रफ्तार

बिलासपुर। राजकिशोर नगर के 50 घरों में पाइप नैचुरल गैस के माध्यम से पहुंचाई जाने वाली गैस की रफ्तार बारिश ने रोक दी है। एटीजीएल द्वारा शहर में हो रही लगातार बारिश के कारण निर्धारित तिथि तक अपेक्षित तैयारी नहीं की जा सकी, जिससे शहर के लोगों को अब पाइप से गैस पाने थोड़ा और इंतजार करना होगा। अडानी टोटल गैस लिमिटेड के अंतर्गत शहर के राज किशोर नगर क्षेत्र में लगभग 50 घरों में पाइप लाइन के जरिए गैस पहुंचाने के लिए 31 जुलाई की तिथि तय की गई थी। कंपनी के अनुसार शहर के भीतर लगातार हो रही बारिश के प्रभाव से आवश्यक तैयारी नहीं हो पाने के कारण अब इसके प्रारंभ होने में थोड़ा और समय लग सकता है।

## पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी झा ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# हाईस्कूल बाकी साइट पर पौधरोपण



पौधरोपण करते पालिका अध्यक्ष एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बांकीमोंगरा के शासकीय हाईस्कूल बाकी साईड परिसर में मंगलवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा शामिल हुईं। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और बेहतर जीवन प्रदान करने का आधार हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति के साथ-साथ मातृत्व के सम्मान का भी प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक यदि अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो हमारा शहर और प्रदेश अधिक हरित एवं स्वच्छ बन सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल शासन की नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की है। कार्यक्रम में बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष प्रकाश झा, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती पूजा महंत, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का सामूहिक संकल्प लेकर किया गया।

### निहारिका से घंटाघर मुख्य तक वृक्षारोपण



एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत निहारिका टाकिज से घंटाघर मुख्य मार्ग पर वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के साथ ही निगम के अधिकारी कर्मचारियों व महाराणा प्रताप नगर कालोनी के रहवासियों ने अपनी सहभागिता देते हुये पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प को गति दी। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन व निगम द्वारा वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कोरबा के संकल्प के साथ विगत 18 जुलाई से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत निहारिका टाकिज से घंटाघर तक के मुख्य मार्ग में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इस मौके पर पौधे का रोपण किया, साथ ही निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, अधीक्षण अभियंता भूषण उरांव, उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर, नागरिकगण संजय सिंह, सुभाष भादे, राजीव राय, सच्चिदानंद, भुनेश्वर तिवारी, प्रदीप सोनी सहित अन्य नागरिकगणों ने पौधों का रोपण किया तथा पर्यावरण के संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

### मां जीवन का आधार, वृक्ष पृथ्वी पर जीवन के संवाहक : नाथन



बीकन इंग्लिश मीडियम स्कूल सीएसईबी कोरबा पूर्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्राचार्या वाईए नाथन की अगुवाई व मार्गदर्शन में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने शाला परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम के दौरान पौधरोपण के महत्व को बताने विद्यार्थियों व वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा संगोष्ठी आयोजित की गई। विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित निबंध, वाद-विवाद, नाटक सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती नाथन ने कहा कि मां जीवन का आधार है और वृक्ष पृथ्वी पर जीवन के संवाहक हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। प्राचार्या ने बताया कि इस प्रकार के अभियान युवाओं व बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ साथ समाज को हरित व स्वच्छ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका पी तिवारी, ए खान, आरआर साहू, सतीश मोंगरे, घनश्याम प्रसाद, आर कान्त सहित अयान खान आदि उपस्थित थे।


सेनानी राकेश शर्मा का स्वागत करते पुलिस अधिकारी।

## सेनानी शर्मा ने 13वीं वाहिनी छसबल में लिया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेनानी राकेश शर्मा द्वारा 13वीं वाहिनी छसबल बल मड़वारानी में बुधवार को पदभार ग्रहण किया है। नवपदस्थ सेनानी द्वारा कार्यालय के सभी शाखाओं का भ्रमण कर सभी शाखा प्रभारियों को अपने-अपने शाखाओं का कार्य निर्धारित समय-सीमा पर कार्यों का निष्पादन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नवपदस्थ सेनानी राकेश शर्मा को ओमप्रकाश चंदेल उप सेनानी, मयंक तिवारी-उप सेनानी, शिवकुमार पाण्डेय कंपनी कमाण्डर, मदनमोहन ओझा-प्लाटून कमाण्डर एवं आरएस पटेल उप निरीक्षक-एम द्वारा स्वागत किया। सेनानी श्री शर्मा महोदय द्वारा सभी शाखा प्रभारी के साथ बैठक लिया गया जिसमें सेनानी श्री शर्मा द्वारा वाहिनी के भीतर अनुशासन स्थापित करने एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ जवानों के सभी प्रशासनिक कार्यों को त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया एवं जवानों को लगातार कार्यकुशल एवं दक्ष बनाये रखने हेतु पुलिस मुख्यालय, रायपुर द्वारा चलाये जा रहे रिफ्रेशर कोर्स को रोचक बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 5 तक

**कोरबा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित होने के उपरांत चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 5 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। यह काउंसिलिंग विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित सूची के अनुसार संबंधित आवंटित प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक संपन्न होगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग कोरबा ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

## एनएसयूआई ने जर्जर सड़क निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष आकाश सिंह राज के नेतृत्व में दर्री डेम से रुमगड़ा होते हुए परसाभाठा चौक तक की अत्यंत जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण की माँग को लेकर ज़िलाधीश के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त सड़क की बदहाल स्थिति के कारण प्रतिदिन हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है, जिससे आमजन की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। एनएसयूआई ने प्रशासन से माँग की है कि इस सड़क के निर्माण एवं आवश्यक मरम्मत का कार्य 3 दिवस के भीतर प्रारंभ कराया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो राखड़ डेम के समीप शांतिपूर्ण चक्काजाम कर जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर युवा कांग्रेस महासचिव मधुसूदन दास, रामपुर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष प्रत्याशी शैलेंद्र कुर्रे, कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष प्रत्याशी अदनान मेमन, बबलू मरवा, धनंजय राठौर सहित एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ 18 अगस्त को

कोरबा। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत अभियान के छठे वर्ष में प्रवेश के अवसर पर 18 अगस्त को जिलेभर में राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में संचालनालय, समाज कल्याण विभाग, रायपुर के निर्देशानुसार जिले के सभी संबंधित विभागों, शैक्षणिक संस्थानों एवं कार्यालयों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## गुरु पूर्णिमा पर पीजी कालेज में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय ईजीनियर विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद, महर्षि वेदव्यास, माँ सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं गुरु वंदना के साथ हुआ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ बी एल साय, सहायक प्राध्यापक एस एस तिवारी, के एस कंवर, ग्रंथपाल दीपक टेकाम, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल एवं श्रीमती मधु कंवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस स्वयंसेविका कुमारी मुस्कान रानी कंवर ने किया और आभार प्रदर्शन अंशु साहू ने किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ बी एल साय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी उच्च स्थान प्राप्त है। गुरु ही शिष्य के जीवन से अज्ञान का अंधकार दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं तथा उसके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरु के प्रति श्रद्धाए अनुशासन एवं समर्पण की भावना बनाए रखने का आह्वान किया।

*वीएसकी ऐप पर न लोकेशन सही, न टाइमिंग, इसके बाद भी*

## जिले के 7 हजार व संभाग में 28 हजार से अधिक शिक्षकों की होगी वेतन कटौती, आंदोलन की दी गई चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकार ने स्कूलों में शिक्षकों की ऑनलाइन अटेंडेंस के लिए नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत अब शिक्षकों को वीएसके ऐप के जरिए स्कूल पहुंचते ही पंच-इन और छुट्टी के समय पंच-आउट करना होगा। शिक्षा विभाग ने साफ किया है कि इसी डिजिटल अटेंडेंस के आधार पर वेतन का भुगतान होगा। यानी जिस दिन शिक्षक की अटेंडेंस ऐप में दर्ज नहीं होगी या समय पर पंच-इन-पंच-आउट नहीं हो पाएगा, उस दिन के वेतन पर असर पड़ सकता है। यह व्यवस्था अब विवादों में घिरती नजर आ रही है। इसी आधार पर जिले के 6 हजार शिक्षकों का जुलाई महीने का वेतन काटने की बात अधिकारी कर रहे हैं। शिक्षकों ने इसका विरोध किया है और कहा कि उपस्थिति प्रमाणित किए बिना बिलासपुर जिले के 6 हजार व बिलासपुर संभाग में 28 हजार से अधिक शिक्षकों की वेतन कटौती करना संभव ही नहीं है, क्योकि शिक्षकों को किसी भी प्रकार से अभी तक नोटिस व अल्टीमेटम तक नहीं दिया गया है ऐसे में वेतन की कटौती किया जाना विधिविरुद्ध है। संगठनों का कहना है कि ऐप की तकनीकी खामियों के कारण शिक्षकों की उपस्थिति सही तरीके से दर्ज नहीं हो पा रही है। ऐसे में केवल ऐप के रिकॉर्ड के आधार पर वेतन रोकना या कटौती करना उचित नहीं होगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा और छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे का कहना है कि शिक्षक रोज स्कूल पहुंचकर पढ़ाई करा रहे हैं लेकिन ऐप की तकनीकी दिक्कतों के कारण उनकी पूरी अटेंडेंस रिकॉर्ड नहीं हो रही।

### लोकेशन तक सही ट्रैक नहीं कर पा रहा ऐप

शिक्षक संगठनों के मुताबिक ऐप में जीपीएस लोकेशन सही से कैप्चर नहीं हो रही। कई जगह स्कूल और ऐप की लोकेशन अलग दिख रही है। इसके अलावा कमजोर नेटवर्क, सर्वर की समस्या, लॉगिन में परेशानी, ऐप का हैंग होना आम है। इसके अलावा समय पर चेक-इन व चेक-आउट दर्ज नहीं होना जैसी दिक्कतें लगातार सामने आ रही हैं। दो पाली वाले स्कूलों में भी यही स्थिति बनी हुई है।

### डीडीओ का घेराव 7 अगस्त को

वेतन कटौती का विरोध करने का ऐलान भी कर दिया गया है। इसमें चाहे वह प्राचार्य डीडीओ हो, चाहे वह विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीडीओ हो, जिस डीडीओ के अंदर शिक्षकों की वेतन कटौती होगी, ऐसे डीडीओ का घेराव 7 अगस्त को सभी जिले व प्रदेश भर में किया जाएगा। शिक्षकों ने मांग की है कि वीएसके एप से संबंधित वेतन निकालने के आदेश को शिथिल करें व प्राचार्य, प्रधान प्रधान पाठक के संधारित शाला की उपस्थिति पंजी से प्रमाणित कराकर वेतन आहरण का आदेश जारी करें। सीधे-सीधे वेतन कटौती किए जाने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा क्योंकि शिक्षकों ने समय पर अपनी शाला में उपस्थिति दी है। तकनीकी कारण से एप में वह संधारित नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में वेतन कटौती को शिक्षक सहन नहीं करेंगे।

## गांजा बेचने वाले 12 विक्रेताओं के घर पुलिस का छापा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी पुलिस ने अपने क्षेत्र में पूर्व में गांजा बेचते पकड़े गए 12 विक्रेताओं के घरों में अचानक छापामार कार्रवाई की। सभी के घरों की बारिकी से जांच की गई किन्तु गांजा नहीं मिला है।

■ पुलिस की दो टीमों ने दबिश

पुलिस ने सभी को गांजा बेचने पर सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। 29 जुलाई को सिरगिट्टी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आकाश चौधरी ने पूर्व में गांजा बेचते पकड़े गए 12 लोगों को चिन्हाकित किया था। उसके बाद दो टीम बनाकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के गांजा विक्रेताओं के घरों में अचानक छापामार कार्रवाई की गई। अधिकांश घरों में पूर्व में पकड़े गए गांजा विक्रेता नहीं मिले घर में उनके परिजन थे। पुलिस ने सभी के घरों में चप्पे-चप्पे की जांच कर गांजा की पतासाजी की। किन्तु किसी के भी घरों में गांजा नहीं मिला है। पुलिस ने सभी को गांजा नहीं बेचने व बेचने पर सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। ज्ञात हो कि सिरगिट्टी क्षेत्र में नशेड़ियों के द्वारा अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस नशे के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने में लगी हुई है। नशे के सामान बेचने वाले व नशा करते पाए जाने पर नशेड़ियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

### खर्च की राशि 1 हजार 559 रुपए 9 प्रतिशत ब्याज सहित देने का आदेश

# डायलिसिस उपचार का खर्च भी बीमा दायरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




जिला उपभोक्ता फोरम ने स्वास्थ्य बीमा धारक के गंभीर रूप से बीमार होने एवं उसके उपचार में होने वाले व्यय का भुगतान नहीं करने को बीमा कंपनी को सेवा में कमी मानते हुए उपचार में हुए व्यय राशि 5 लाख 31, 559 रुपए 9 प्रतिशत ब्याज सहित देने व 25 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है।

सरकण्डा देवनंदननगर फेस 2 निवासी श्याम मनोहर उज्जैनी 56 साल ने वर्ष 2016-17 से अपने कैनरा बैंक के माध्यम से स्वयं, पत्नी व पुत्र के नाम पर अपोलो मुनिच ग्रुप हेल्थ पॉलिसी ली थी। 28 फरवरी 2021 से 27 फरवरी 2022 तक के लिए उनके हेल्थ पॉलिसी का बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी व्यापार विहार शाखा से नवनीकरण किया गया था। मार्च 2021 को पॉलिसीधारक गंभीर रूप से बीमार हो गए। उनहोने एमएमआई नारायण रायपुर में उपचार कराए। जांच में किडनी से संबंधित बीमारी होने पर डायलिसिस करना पड़ा। बीमा धारक ने बीमा कंपनी को उपचार एवं डायलिसिस पर हुए व्यय भुगतान करने का आवेदन दिया। इसमें 66 हजार 234 रुपए उपचार, 4 लाख 65 हजार 325 रुपए डायलिसिस खर्च देने की मांग की। बीमा कंपनी ने आवेदन अस्वीकार कर कहा कि मेडिकल रिपोर्ट में आवेदक पिछले 9 साल से किडनी के बीमारी से पीड़ित था। उसने इस बात को बीमा पॉलिसी लेते समय नहीं बताया था। श्री उज्जैनी ने आवेदन खारिज के खिलाफ जिला भोक्ता फोरम में आवेदन प्रस्तुत किया गया। फोरम के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य पूर्णिमा सिंह, आलोक कुमार पाण्डेय ने सुनवाई के बाद आदेश में कहा भारतीय जीवन विनायामक और विकास प्राधिकरण द्वारा 10 फरवरी 202 को जारी पत्र के अनुसार स्वास्थ्य बीमा में पूर्व विद्यमान बीमारी के संबंध में कहा गया है कि धारक ने पिछले 48 माह में कोई चोट या बीमारी के संबंध में किसी विशेषज्ञ से जांच कराई या उपचार कर सलाह लिया है तो यह पूर्व विद्यमान होगा। आवेदक 2016, 17 से स्वयं व अपने परिवार का ग्रुप हेल्थ पॉलिसी लिया है। परिपत्र में पूर्व विद्यमान समय 48 माह है। बीमा कंपनी ने इस संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिया है। फोरम ने इसे सेवा में कमी मानते हुए बीमा कंपनी को 45 दिवस के अंदर आवेदक के उपचार व्यय 66 हजार 234 रुपएव डायलिसिस व्यय 4 लाख 65 हजार 325 रुपए कुल 5 लाख 31 हजार 559 रुपए 2022 से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित देने व 25 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति, 10 हजार रुपए वाद व्यय देने का आदेश दिया है।

### खेल में पुरस्कार पाने आवेदन 5 अगस्त तक

**बिलासपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने खेल विधाओं में पुरस्कार के लिए 5 अगस्त तक आवेदन मंगाए हैं। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान पुरस्कार, शहीद विनोद चौबे सम्मान, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को पुरस्कार दी जानी है। इसके लिए विभाग के वेबसाइट पर जाकर का आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### स्थानीय युवाओं को रोजगार देने जनपद सदस्य ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत पताढ़ी पहंदा एवं खोडल के स्थानीय युवाओं को रोजगार दिलाने की मांग को लेकर जनपद सदस्य अनिल खुंटे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि संयंत्र से प्रभावित ग्राम पंचायतों के स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, जबकि उनकी जगह अन्य प्रदेशों के लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। इससे क्षेत्र के युवाओं में बेरोजगारी बढ़ रही है और स्थानीय लोगों में असंतोष का माहौल है। जनपद सदस्य ने कलेक्टर से मांग की है कि प्रबंधन को निर्देशित कर प्रभावित ग्राम पंचायतों के योग्य स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जुलाई में बांगो...

बने हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाने थी लेकिन इस वर्ष 29 जुलाई तक बांगो बांध में 356.53 मीटर कुल 80.86 फ़ीसदी ही पानी भर पाया है जल संसाधन विभाग के अनुसार यदि बांगो बांध में 31 जुलाई तक 90 फ़ीसदी जल भरा होता तब ऐसी स्थिति में हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जा सकती थी लेकिन जुलाई महीना बीतने में दो दिन शेष रह गया है। ऐसे में जल भराव लगभग 10 फ़ीसदी हो पाना संभव नजर नहीं आ रहा है क्योंकि कैचमेंट इलाके में उस रफ्तार से बारिश नहीं हो पा रही है। हालांकि 29 जुलाई 2025 में बांगो बांध में 354.90 मीटर पानी था जो पिछले साल से इस वर्ष लगभग 2 मीटर पानी ज्यादा है लेकिन जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बांध में यदि 90 फ़ीसदी पानी भरा होता तब ऐसे में ही हाइडल प्लांट की रफ्तार बढ़कर वाटर लेवल को मेंटेन कर बिजली उत्पन्न किया जाता लेकिन अब मात्र 10 घंटे ही हाइडल प्लांट को संचालित कर संयंत्र को ही संचालित करने के लिए पानी आपूर्ति की जा रही है।

### कलेक्टर ने...

उक्त आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के विपरीत माना है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि तीन दिवस के भीतर संबंधित लिपिक, प्रधान पाठक अथवा प्रभारी अधिकारी के साथ आवश्यक अभिलेखों सहित उपस्थित होकर अपना स्पष्ट एवं तथ्यात्मक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। कारण बताओ सूचना पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। कलेक्टर ने यह भी पाया कि शासन की महत्वपूर्ण निःशुल्क पाठ्यपुस्तक योजना अंतर्गत कक्षा पहली से दसवीं तक की पाठ्यपुस्तकों की स्कैनिंग एवं प्रगति की जानकारी भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संतोषजनक रूप से प्रस्तुत नहीं की गई। इसे शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों के प्रति अपेक्षित उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं माना गया। कलेक्टर ने अपने आदेश में कहा है कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### स्कूली बच्चे...

गलती दोबारा होने पर और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस ने अपील कि है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दोपहिया या चारपहिया वाहन न दें। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आपके बच्चे और सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जान के लिए भी बेहद खतरनाक है।

## राजस्व वसूली कार्यप्रगति की समीक्षा की

# राजस्व की कम वसूली पर आयुक्त हुए नाराज जिम्मेदार निरीक्षकों को नोटिस जारी करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने राजस्व वसूली कम होने तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति न करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित राजस्व निरीक्षकों, उप निरीक्षकों आदि को नोटिस जारी करने एवं निर्धारित समयसीमा के अंदर लक्ष्य की प्राप्ति न होने पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होने निगम के बकायादारों विशेषकर बडे. बकायादारों के विरूद्ध नियमों के तहत कार्यवाही करने एवं राजस्व वसूली से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के सभाकक्ष में अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, सम्पत्तिकर अधिकारी अनिरूद्ध सिंह एवं निगम के राजस्व निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों की उपस्थिति में राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, शिक्षा उपकर, भवन, दुकान किराया सहित



बैठक लेते निगम आयुक्त व उपस्थित अधिकारी।

अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्राप्त होने वाले राजस्व के वसूली की कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा वर्तमान तक की गई कर वसूली एवं बकाया कर राशि की जोनवार, वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विगत वर्षो की बकाया कर राशि सहित वर्तमान वर्ष की कर राशि की वसूली में अपेक्षित तेजी लाएं, बकायादारों से सतत संपर्क कर बकाया राशि निगम कोष में जमा करवाएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि करदाताओं से निगम को प्राप्त होने वाले राजस्व की प्राप्ति नियमित रूप से हो तथा करों का भुगतान निगम कोष में समय पर किया जाए। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने राजस्व वसूली कम होने तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति न करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित राजस्व निरीक्षकों, उप निरीक्षकों आदि को नोटिस जारी करने एवं निर्धारित समयसीमा के अंदर लक्ष्य की प्राप्ति न होने पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होने निगम के बकायादारों विशेषकर बडे. बकायादारों के विरूद्ध नियमों के तहत कार्यवाही करने एवं राजस्व वसूली से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

### सुनिश्चित करें कि सभी भवनों में हो करारोपण

आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि निगम क्षेत्र के सभी व्यवसायिक व आवासीय भवनों, मकानों में करारोपण किया गया है। उन्होने कहा कि भवनों में विस्तार किया गया है, या कोई भवन करारोपण से छूटा हुआ तो नहीं है, इस संबंध में सर्वे का कार्य किया जा रहा है, अतः इस सर्वे कार्य को शीघ्रता से पूरा करें तथा त्रुटिवश जिन व्यवसायिक व आवासीय भवनों में करारोपण छूट गया हो, या भवनों का विस्तार किया गया हो उन पर नियमानुसार करारोपण करें।

# बीएसएनएल ऑफिस में साइबर क्राइम से बचाव के लिए हुआ जागरुकता कार्यक्रम



कार्यक्रम में शामिल नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के बीएसएनएल के डिविजनल ऑफिस में सोमवार को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों पर कस्टमर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार दिनेश राज रहे। कार्यक्रम के दौरान एजीएम आशीष टोप्पो, एसडीओ नीलेश अग्रवाल एवं एसडीओ जयनारायण देवांगन ने उपस्थित लोगों को बीएसएनएल की सेवाओं और जिले में हो रहे नेटवर्क विस्तार की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्रोजेक्टर में स्लाइड और शॉर्ट वीडियो के माध्यम से साइबर सुरक्षा की सीख देते हुए ठगी के नए-नए तरीकों को बताया गया और साइबर क्राइम से सुरक्षित रहने के तरीके समझाए गए। साइबर सुरक्षा के तहत ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए सतर्कता और जागरूकता को सबसे अहम हथियार बताया गया। मुख्य अतिथि श्री राज ने कहा कि जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों तक नेटवर्क पहुंचने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलने लगी है। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की। साथ ही उपस्थित गणमान्य नागरिकों को डिजिटल दौर में साइबर क्राइम से बचने के लिए सजग और जागरूक होने की अपील की।

# लायंस क्लब ने निगम के साथ मिलकर किया पौधरोपण



पौधरोपण करते क्लब के सदस्य व निगम अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पेड़ मां के नाम अभियान में लायंस क्लब कोरबा ने निगम के साथ मिलकर अपनी महती सहभागिता दी तथा निहारिका पंतजलि स्टोर से स्मृति उद्यान तक संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय एवं निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर लगातार हो रही रिमझिम बारिश के बीच वृक्षारोपण किया। संस्था के पदाधिकारियों ने उक्त मार्ग पर लगाये गये पौधों की देखरेख एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुये हरित कोरबा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को निहारिका पंतजलि स्टोर से स्मृति उद्यान तक वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लायंस क्लब कोरबा ने इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाई तथा आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के साथ मिलकर संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने लगातार हो रही रिमझिम बारिश के बीच उक्त मार्ग पर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के साथ ही रविशंकर सिंह, दीपक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल श्वेता, दिनेश राठौर, राजकुमार अग्रवाल उत्सव, अशोक बजाज, पुरूषोत्तम अग्रवाल, इंदु राजवाडे, उत्तम श्रीवास, गोपाल जायसवाल, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, उद्यान अधीक्षक आनंद सिंह राठौर सहित अन्य लोगों ने वृक्षारोपण किया। संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आमजन से अपील भी की कि वे पर्यावरण संरक्षण व कोरबा को हरित कोरबा, सुंदर कोरबा बनाने के संकल्प को पूरा करने अपनी महती सहभागिता दें, अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करें तथा पेड़- पौधे व वृक्षों के संरक्षण व संवर्धन हेतु अपना सहयोग दें।

# अग्रसेन पब्लिक स्कूल में मनाया गया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में 36वां स्थापना दिवस समारोह का भव्य से अयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम माता सरस्वती व महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना व दीपप्रज्जलित मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के द्वारा किया गया इस अवसर मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर प्रसाद उपाध्याय विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. आशीष अग्रवाल व अग्रवाल सभा अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल उपस्थित हुये।

इस अवसर पर छात्र संघ का चुनाव का चुनाव विगत दिनों सम्पन्न कराया गया इसमें 16 पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया पुर्ण कराई गई जिसमें हेडब्याय एवं हेडगर्ल के साथ अन्य लोगों को निर्वाचित किया गया। हेडब्याय वैभव भट्ट, हेड गर्ल रूपाली पटेल निर्वाचित हुये। आज स्थापना दिवस के अवसर पर उन्हें पट्टीका एवं बैच देकर उनके पद की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा राजस्थानी, गुजराती, दक्षिण भारती डांस का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मंचीय अतिथि में अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अग्रवाल सभा उपाध्यक्ष अशीष गोयल श्री अग्रसेन शिक्षण समिति



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

महाविद्यालय के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल व सचिव शरद अग्रवाल उपस्थित हुये। इस अवसर श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल ने कहा कि 35वर्ष पूर्व जो पौधा लगाया गया था वह आज एक विशाल वृक्ष का रूप ले चुका है आज हम 36वां स्थापना दिवस मना रहा है । छात्र संघ का चुनाव भी हमारे द्वारा संपन्न कराया गया । इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल व रामसिंह अग्रवाल ने अपने उदबोधन दिये और 36वां स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी इस अवसर रामसिंह अग्रवाल व गोपाल प्रसाद केडिया के उत्कृष्ट स्थाना प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं व कक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षक शिक्षकाओं को सम्मान दिये जाने की घोषणा की गई।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरपाली में पौधरोपण



**मड़वारानी।** करतला विकासखण्ड स्थित ग्राम बरपाली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज झा जनपद उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष, शिक्षा समिति उपस्थित थे। प्राचार्य बीएल मार्वल ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। इस अवसर पर नीता राकेश यादव जनपद सदस्य, बरपाली, भुनेश्वर बिंझवार सरपंच, विजय पांडेय अध्यक्ष, शाला विकास समिति, चमार सिंह पूर्व अध्यक्ष, शाला विकास समिति, किशन अग्रवाल, जीडी मिश्रा, लखन गोस्वामी, संजीव शर्मा, वीरेन्द्र शुक्ला, फिरतन विश्वकर्मा, पीयूष गुरुद्धान एवं लक्ष्मी यादव उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के प्रगति की मॉनिटरिंग करने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोंडी-उपरोड़ा तथा शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर दर्री बस्ती का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, ओटी, एनआरसी, दवा वितरण कक्ष, भंडार कक्ष, प्रयोगशाला, एक्स-रे कक्ष का अवलोकन किए तथा संधारित अभिलेखों को देखकर कमियों में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने ओपीडी, आईपीडी में भर्ती मरीजों तथा परिजनों से स्वास्थ्य केन्द्रों में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। 7 स्टोर में दवाओं की उपलब्धता, दवाओं तथा उपकरणों के रखरखाव तथा चिकित्सालय में साफ-सफाई के संबंध में निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को समय पर उपस्थिति, आधार बेस्ड 100 प्रतिशत उपस्थिति इंद्राज करने, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य



स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते सीएमएचओ।

सेवाओं, आयुष्मान भारत आभा आईडी बनाने, वयावंदना कार्ड बनाने, टीकाकरण, परिवार कल्याण, एनसीडी तथा अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, शत-प्रतिशत उपलब्धि, मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाये उपलब्ध कराने तथा समस्त कार्यक्रमों की उपलब्धि को संबंधित पोर्टल में इन्द्राज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के मौसम में होने वाली मौसमी बीमारी एवं सर्पदंश से निपटने आवश्यक तैयारियों एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के सभी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्रदान किया जावे, चिकित्सालय आने वाले मरीजों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जावे तथा उनके इलाज पर विशेष ध्यान एवं सावधानी बरती जावे।

### शहर में दौड़ रहे भारी वाहन

**कोरबा।** शहर में भारी वाहनों के संचालन को लेकर प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि कोयला, राखड़ और अन्य भारी वाहन केवल रिंग रोड से ही संचालित होंगे, ताकि शहर के भीतर यातायात सुचारु रहे और लोगों को जाम व दुर्घटनाओं से राहत मिल सके। लेकिन जमीनी हकीकत प्रशासनिक दावों से बिल्कुल अलग नजर आ रही है।

## निधन

### सत्यनारायण दुबे



**कोरबा।** प्रेस क्लब कोरबा के सदस्य एवं पत्रकार धीरज दुबे के पिता सत्यनारायण दुबे 61 वर्ष का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र सहित नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार पोड़ीबहार स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### 2 करोड़ की लागत से बनी सड़क 6 माह में ही उखड़ने लगी परत

**हरदीबाजार।** पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ापार से कोरबी तक 5 किमी लंबी सड़क जो पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी। जिसका निर्माण पिछले वर्ष 2025 मई में शुरू हुआ था जिसकी लागत राशि 1 करोड़ 81 लाख 93 हजार थी। ठेकेदार ने बारिश से पहले सड़क खुदाई कर मुरुम के जगह मिट्टी डाल दी और सड़क किचड़ में तब्दील हो गई थी इससे क्षेत्र के लोगों को, इस मार्ग में चलने वाले वाहनों को बड़ी समस्या झेलनी पड़ी थी। तब जाकर ठेकेदार ने बारिश थमने के बाद सड़क निर्माण पूर्ण किया तब लोगों को राहत मिली, लेकिन बरसात लगते ही छोटी व यात्री बस व ट्रेक्टर चलने से ही सड़क उखड़ने व टूटने लगी। ग्रामीणों ने सड़क बनते समय ही सड़क की गुणवत्ता व मोटाई पर ठेकेदार को गुणवत्ता व सड़क की मोटाई सुधारने को कहा गया था। जिसका नतीजा है कि आज सड़क उखड़ रही है।

### नारी स्वास्थ्य संवाद गरिमा और स्वास्थ्य पहल अभियान के तहत हुआ कार्यशाला



**कोरबा।** नारी स्वास्थ्य संवाद गरिमा और स्वास्थ्य पहल अभियान के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय से संबंधित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अग्रवाल महिला समिति कटघोरा के द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कार्यशाला आयोजित कर मासिक धर्म एवं उससे होने वाली अनियमिताओं से संबंधित जानकारी के अलावा मासिक धर्म में कपड़ों की जगह सेनेटरी पेड के इस्तेमाल करने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में सभी छात्रों को सेनेटरी पेड का वितरण किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल महिला समिति कटघोरा के अध्यक्ष श्रीमती बबीता गर्ग, श्रीमती अंजू गर्ग उपाध्यक्ष, श्रीमती जानकी अग्रवाल एवं श्रीमती ज्योति अग्रवाल मुक्ति कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण अथवा महावारी स्वच्छता कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया।

### ब्लैक बेल्ट एवं कलर बेल्ट अलंकरण समारोह में शामिल हुए उद्योग मंत्री



**कोरबा।** निहारिका स्थित लेवल अप एमएमए अकैडमी, कल्पतरु हॉल में आयोजित ब्लैक बेल्ट एवं कलर बेल्ट अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि श्रम उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल तिवारी, एल्डरमैन ईश्वर साहू, लेवल अप एमएमए अकैडमी के डायरेक्टर एवं एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे, जिला कराटे डू स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश बंजारे, सचिव देवाशीष कश्यप, अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी एवं कोच स्नेहा बंजारे तथा अन्य प्रशिक्षकों के साथ ब्लैक बेल्ट एवं कलर बेल्ट से सम्मानित खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### लापता युवक का अब तक नहीं मिला सुराग



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार पुरानी बस्ती निवासी कीर्तन लाल चंद्राकर ने 22 जुलाई को हरदीबाजार थाना पहुंच कर अपने पुत्र राकेश चंद्राकर उम्र 45 वर्ष की गुमशुदगी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को दोपहर 3 बजे से घर में किसी को बिना बताए कही चला गया है, आस-पास, रिस्तेदारो में खोजबीन करने पर भी कहीं पता नहीं चला है। मामले में पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।

# स्थानीय सहभागिता से तैयार होगी गेवरा क्षेत्र के पुनर्प्रयोजन की कार्ययोजना: दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माइनिंग प्लान व माइन क्लोजर एडवाइजरी कमिटी के चेयरमैन एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के जस्ट ट्रांजिशन रिसर्च सेंटर (जेटीआरसी) द्वारा गेवरा कोयला खनन क्षेत्र के सतत पुनर्प्रयोजन विषय पर हितधारक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में खनन गतिविधियों में होने वाले क्रमिक परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में गेवरा क्षेत्र के दीर्घकालिक सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय विकास की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, माइन क्लोजर एडवाइजरी कमेटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायतों के सरपंच, पार्षद, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा अन्य प्रमुख हितधारक शामिल थे। कलेक्टर व समिति के चेयरमैन कुणाल दुदावत ने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के भविष्य को सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने के लिए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवहारिक एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुनर्प्रयोजन की प्रक्रिया में शासन की विभिन्न योजनाओं, उपलब्ध नियामकीय एवं वित्तीय प्रावधानों तथा स्थानीय समुदाय की सहभागिता का प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में रोजगार, आजीविका और सतत विकास के नए अवसर सृजित हो सकें। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर प्रदीप स्वर्णकार ने वर्ष 2025 के अद्यतन माइन क्लोजर दिशानिर्देशों के अंतर्गत रीक्लेम फ्रेमवर्क (खनन उपरांत भूमि के पुनर्विकास एवं सतत उपयोग की रूपरेखा) की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं में स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियों की समाप्ति के बाद भी क्षेत्र सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सुदृढ़ बना रहे, इसके लिए स्थानीय लोगों की राय एवं अपेक्षाओं को योजना निर्माण का आधार बनाया जाना चाहिए।

**कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई बैठक**

**खास बातें**

- गेवरा क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास के लिए साक्ष्य-आधारित पुनर्पयोजना रणनीति पर हुई चर्चा




## विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति सहित विभागीय कामकाज की समीक्षा

# लापरवाह निर्माण एजेंसियां होंगी ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा है कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो में अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं की जायेगी तथा कार्य प्रारंभ करने हेतु बार-बार नोटिस दिये जाने के बावजूद जिन निर्माण एजेंसियों द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है तथा विकास कार्यो के प्रति लापरवाही बरती जा रही है, उन्हें ब्लेक लिस्टेड किया जायेगा, अतः इस हेतु समीक्षा कर तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि विकास कार्यो में अपेक्षित गति लाने के साथ ही नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे. कार्यो, जनशिकायतों व जन समस्याओं सहित टी.एल.प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करायें।

**सड़कों से मवेशी हटाने सघन अभियान चलायें**

आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि चूंकि सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को सड़कों से उठाने का कार्य निगम द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है, किन्तु इस दिशा में विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है, अतः इस हेतु सघन अभियान चलायें, मवेशियों को काऊकेचर के माध्यम से सड़कों से उठाकर गोठान ले जायें तथा पशु मालिकों से निर्धारित अर्थदण्ड लेकर ही मवेशी उन्हें सौपे। उन्होने कहा कि सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी दुर्घटना का कारण बनते हैं, लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, दुर्घटनाएं घटित होने व मवेशियों के घायल होने की संभावनाएं बनी रहती हैं।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अभियंताओं, अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की विस्तार से बिन्दुवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिन-जिन कार्यो में अपेक्षित गति नहीं पाई गई, उन पर अपनी नाराजगी का इजहार करते हुए कार्यो में अपेक्षित तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा में यह पाया गया कि विभिन्न जोन में अनेक ऐसे निर्माण कार्य हैं, जिन्हें प्रारंभ करने हेतु ठेकेदारों को दो से तीन बार नोटिस दिये जा चुके हैं किन्तु उनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं कराये जा रहे, आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्माण एजेंसियों की इस लापरवाही पर गहरी नाराजगी जाहिर की तथा ऐसी निर्माण एजेंसियों को ब्लेकलिस्टेड किये जाने की कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिये। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान वित्त आयोग मद, अधोसंरचना मद, जिला खनिज न्यास मद, सी.एस.आर. मद, प्रभारी मंत्री मद, सांसद मद, विधायक मद, एनकैप, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, महापौर मद, पार्षद मद, निगम मद आदि के कार्यो के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत सी.सी. रोड, नाली, सीवर लाईन, सामुदायिक भवन, कलवर्ट, किचन शेड, सार्वजनिक मंच, शाला भवन, उद्यान आदि के निर्माण व मरम्मत, तालाब के विकास व सौदंर्यीकरण, डिवाईडर निर्माण, अहाता व बाउण्ड्रीवाल निर्माण, विद्युत विस्तार सहित अन्य विविध कार्यो की कार्यप्रगति की जोनवार व मदवार विस्तार से समीक्षा की तथा कार्यों की भौतिक व वित्तीय कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यो में उपस्थित होने वाले अवरोधों को समय पर दूर करते हुए कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## आत्मा से प्रेम ही ईश्वर की प्राप्ति का उत्तम साधन : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कमला नेहरू महाविद्यालय में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम शिक्षा संकाय के सभागृह में में रखा गया था। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी माउंट आबू पानीपत हरियाणा से आई ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन द्वारा नैतिक मूल्य, कर्तव्य, अध्यात्म व ध्यान समेत विभिन्न बिंदुओं पर विद्यार्थियों को बहुत सरल व सहज भाव से मार्गदर्शन प्रदान किया।

व्याख्यान में विद्यार्थियों व अध्यापकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दैनिक जीवन से जुड़े नैतिक मूल्य तथा विभिन्न समस्याओं का सरलता से समाधान करने की विधियों से अवगत कराया। इस दौरान अपनी परेशानियों का हल मुस्कुराहट के साथ करना, हमेशा धीरज बनाकर रखना, किसी का भी मजाक ना करना, नकारात्मकता को अपने जीवन से कैसे दूर करना जैसी बातें बताई। अपनी कमजोरी को ही अपनी ताकत बनकर हर समस्या का समाधान करना उससे बढ़कर अपनी आत्मा से प्रेम कर ईश्वर को प्राप्त करना बताया गया। विद्यार्थियों ने व्याख्यान के दौरान ध्यान के द्वारा भी अपने आप को संतुलित व्यवहार से जोड़ने की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी कोरबा शाखा से बहन रमा कर्मकार, कमल कर्मकार भ्राता व शिक्षा संकाय की विभाग अध्यक्ष डॉ भारती कुलदीप, डॉ अंजू खेस्स, राकेश गौतम, नितेश कुमार यादव, शंकर लाल यादव, कुणाल दास गुप्ता व बीएड प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## कटघोरा नगर पालिका में घोटाले की निष्पक्ष जांच और सीएमओ पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा नगर पालिका परिषद में अटल परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा निर्माण एवं ब्रॉन्ज सामग्री की खरीदी में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। श्री मोदी ने मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने नगर पालिका परिषद कटघोरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को तत्काल बर्खास्त कर कठोर कार्रवाई किए जाने की भी मांग की है।



गोपाल मोदी।

भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कटघोरा अटल परिसर में ब्रॉन्ज सामग्री के नाम पर किए गए निर्माण कार्य में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की आशंका है। आरोप है कि ब्रॉन्ज के स्थान पर निम्न गुणवत्ता की सामग्री अथवा कंक्रीट का उपयोग किया गया, जबकि भुगतान ब्रॉन्ज सामग्री के नाम पर किया गया। इस पूरे मामले में लगभग 13.60 लाख रुपए की वित्तीय अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि आरोप सत्य सिद्ध होते हैं, तो यह केवल सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं बल्कि जनता के विश्वास के साथ छलावा भी है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी या ठेकेदार सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का साहस न कर सके। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे प्रकरण की किसी स्वतंत्र एजेंसी अथवा वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराई जाए, निर्माण कार्य की तकनीकी गुणवत्ता एवं उपयोग की गई सामग्री की विशेषज्ञों से जांच कराए जाने की मांग की है।

## कोयला मजदूर सभा की गेवरा-दीपका क्षेत्र में संगठनात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं कोरबा संभाग प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल की अध्यक्षता में गेवरा-दीपका क्षेत्र एवं सीईडब्ल्यू गेवरा में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, क्षेत्र में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान तथा मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। श्री अग्रवाल ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी सक्रिय इकाइयों और समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से श्रमिक हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा एवं एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

**खास बात**

- संगठन विस्तार सदस्यता अभियान और मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा



कार्यक्रम में उपस्थित कोयला मजदूर के पदाधिकारी।

श्री अग्रवाल ने कहा कि कोयला मजदूर सभा सदैव श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण के लिए संघर्षरत रही है तथा भविष्य में भी मजदूरों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी भूमिका निभाती रहेगी। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने, नए सदस्यों को जोड़ने तथा प्रत्येक कार्यस्थल पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक का संचालन केंद्रीय सचिव सह गेवरा दीपका जेसीसी गिरजा साहू द्वारा किया गया, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि आप अपनी क़ाबिलियत अपने नेतृत्व क्षमता को खुलकर सामने लाए, अपनी जवाबदेही ले और संगठन को मजबूत करने खुलकर अपने आप को प्रोजेक्ट करें और दिखाए कि आपकी नेतृत्व क्षमता को किस तरह से दबाकर रखा गया और आगे बढ़ने से रोका गया। बैठक मे गेवरा दीपका, सीईडब्ल्यूएस गेवरा एवं कुसमुंडा क्षेत्र के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सैंकड़ो की संख्या मे उपस्थित रहे। कुसमुंडा क्षेत्र से केंद्रीय सचिव सह क्षेत्रीय महामंत्री अशोक कुमार साहू, नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष आर. एस. पाल, कार्यवाहक अध्यक्ष कमलेश प्रधान उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की संगठनात्मक स्थिति से अवगत कराया तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में एचएमएस के केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष केदारनाथ अग्रवाल, गिरिजा साहू, अशोक कुमार साहू, आर. एस. पाल, कमलेश प्रधान, दीपक दूबे, विनय कुमार जायसवाल, छत्रपाल दास, दीपू चर्मकार, राकेश सिंह, धन सिंह, शशांक खरे, दादूराम गढ़वाल, धनसाय, आशीष कुमार, पी. एन. वर्मा, सुखराम, मेदनी प्रसाद सोनी, धरमसिंह, सुशील, राधेश्याम, मनमोहन दास महंत, छोटेलाल साहू, दौलत भाठिया, सुकरू लाल गडेश्वर, कुणाल यादव, सरोज साहू, बसंत कुमार साहू, महेश्वर साहू, विजय कुमार, शिव कुमार, श्यामता साहू, गौरव सिंह, डोलाराम साहू, लक्ष्मण प्रसाद, परमानंद सिंह, गजानंद राठौर, कार्तिकराम कुर्रे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## प्रतिमा की गुणवत्ता की जांच हुई शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

प्रतिमा की गुणवत्ता पर लगातार लगाए जा रहे आरोपों के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता अली बख्श मंगलवार को कटघोरा पहुंचे और मौके पर प्रतिमा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता ने प्रतिमा की गुणवत्ता का बारीकी से परीक्षण किया।

प्रारंभिक जांच के बाद उन्होंने स्वीकार किया कि प्रतिमा के निर्माण में अनियमितता के संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया कार्य में गड़बड़ी दिखाई दे रही है, इसलिए प्रतिमा का सैंपल लेकर उसे परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर संबंधित निर्माण एजेंसी और ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य निर्माता एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के लगभग 187 नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण के लिए करोड़ों रुपये का बजट स्वीकृत किया है। अधिकांश स्थानों पर निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन कटघोरा नगर पालिका परिषद के अटल परिसर में स्थापित प्रतिमा की गुणवत्ता को लेकर सामने आए आरोपों ने पूरे मामले को विवादों में ला दिया है। स्थानीय स्तर पर लोगों का आरोप है कि प्रतिमा निर्माण में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया और निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही बरती गई है। प्रतिमा की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## लाईवलीहुड कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला परिवहन विभाग और यातायात विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन लाइवलीहुड कालेज के पीएससी क्लास में बुधवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में डीटीओ अतुल असैय्या, ट्रैफिक डीएसपी श्रीमति शर्मा, एएसआई मनोज राठौर, सतानंद जांगड़े एवं तेज सिंह मोटर ड्रायविंग स्कूल के प्राचार्य प्रदीप सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान लाइवलीहुड कालेज के छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा जागरूकता, यातायात संकेत, सुरक्षित गति, वाहन चलते समय हेलमेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने से संबधित जानकारी दी गई।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## फीता काटकर, पूजा-हवन एवं चाबी सौंपने की रस्म के साथ हुआ शुभारंभ

# अदाणी भवन का लोकार्पण, ढनढनी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को मिली विकास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अदाणी फाउंडेशन द्वारा ढनढनी ग्राम पंचायत में नवनिर्मित अदाणी भवन का लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ फीता काटकर, विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ किया गया।

इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन के मुख्य व्यवसाय अधिकारी समीर मित्रा तथा एजीएम डॉ. विकास ठाकुर ने भवन की चाबी ग्राम पंचायत को सौंपते हुए इसे ग्रामीणों को समर्पित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच कन्हैया बिंझवार, उपसरपंच रेसमलाल बिंझवार, सचिव साधराम दीवान, अदाणी फाउंडेशन से तजेंद्र बंजारे एवं उनकी टीम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य व्यवसाय अधिकारी समीर मित्रा ने कहा अदाणी फाउंडेशन का उद्देश्य केवल आधारभूत सुविधाओं का निर्माण करना नहीं, बल्कि ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाना और उनके सामाजिक विकास में सहभागी बनना है। अदाणी भवन ग्रामीणों के लिए सामाजिक, शैक्षणिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का एक सशक्त केंद्र बनेगा। हमें विश्वास है कि ग्रामवासी इस भवन का बेहतर उपयोग करते हुए इसके संरक्षण में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। ग्राम पंचायत ढनढनी के सरपंच कन्हैया बिंझवार ने अदाणी फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अदाणी भवन हमारे गांव के लिए एक अमूल्य सौगात है। इससे ग्रामवासियों को बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, महिला समूहों एवं सामाजिक आयोजनों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। हम सभी ग्रामीण इस भवन की देखभाल अपनी जिम्मेदारी समझकर करेंगे तथा गांव के विकास के लिए अदाणी फाउंडेशन के साथ मिलकर कार्य करते रहेंगे। अदाणी समूह क्षेत्र में सामुदायिक विकास के लिए अपने अदाणी फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सहभागिता के तहत के जिले में स्थित कोरबा पावर लिमिटेड के आसपास के ग्राम पंचायतों में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा मे विभिन्न जनकल्याणकारी पहलों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के समग्र विकास होगा।




पंचायत भवन की चाबी सौंपते अदाणी फाउंडेशन के पदाध

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411